रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-127

REGISTERED NO. D. (D.N.) 127

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4

PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 41] नई दिल्ली, सोमवार, सितम्बर 26, 1988/आश्विन 4, 1910

No. 41] NEW DELHI, MONDAY, SEPTEMBER 26, 1988/ASVINA 4, 1910

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

दि इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सेक्रेटरीज आफ इण्डिया

(कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत स्थापित)

नई दिल्ली, 20 सितम्बर, 1988

फाइल सं. 104/16/लेखा

31 मार्च 1988 को समाप्त वर्ष की दि इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सैक्रेटरीज आफ इण्डिया की आठवीं वार्षिक रिपोर्ट

प्रस्तावना :

1. कम्पनी सचिव अधिनियम 1980 की धारा 18(5) के अनुसरण में दि इन्स्टीट्यूट आफ कम्पनी सेक्रेटरीज आफ इण्डिया की परिषद् 31 मार्च 1988 को समाप्त वर्ष की आठवीं वार्षिक रिपोर्ट और इस अवधि के लेखों के लेखा परिक्षित विवरण तथा उन पर इंस्टीट्यूट के कामकाज की लेखा परीक्षक की रिपोर्ट सहर्ष प्रकाशित करती है।

व्यवसाय के महत्वपूर्ण कार्यकलाप :

कम्पनी (संशोधन) बिल, 1987, को अब संसद द्वारा पारित कर एक्ट बना दिया है, जिसकी सहमति राष्ट्रपति ने 24 मई 1988 को प्रदान कर दी है; इसमें किए गए संशोधन से कम्पनी सचिवों के व्यवसाय मे एक नई उपलब्धि प्राप्त हो गई है। संशोधन अधिनियम से "कम्पनी अधिनियम 1956" में दी गई "सचिव" की परिभाषा "कम्पनी सचिव" के अनुरूप हो गई है जो कम्पनी सचिव अधिनियम 1980 में दी गई है। इसके अतिरिक्त पूर्णकालिक प्रैक्टिसरत सचिव की संकल्पना प्रवर्तित की गई है, जिसका अर्थ यह है कि कम्पनी सचिव वह है जिस के पास प्रैक्टिस प्रमाणपत्र है, न कि वह जो पूर्णकालिक नौकरी में है। प्रैक्टिसरत कम्पनी सचिव की उपयोगिता को स्वीकार करते हुए संशोधन अधिनियम में प्रस्ताव है कि सूचीबद्ध कम्पनियों की वार्षिक विवरणियों पर पूर्णकालिक प्रैक्टिसरत सचिव के भी हस्ताक्षर होने चाहिए। यद्यपि प्रैक्टिसरत कम्पनी सचिव के लिए जो मुख्य क्षेत्र बनाया गया है, वह किसी व्यक्ति के लिए बड़ा कदम नहीं माना जा सकता। परन्तु व्यवसाय की दृष्टि से यह आगे बढ़ता हुआ कदम है। इसके अलावा, पूर्णकालिक कार्यरत सचिव को प्राधिकार दिया गया है कि वह कम्पनी के निगमन के लिए व्यापार प्रारम्भ करने के लिए सांविधिक घोषणा फाइल कर सकता है और प्रमाणित कर सकता है कि केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन के बिना कम्पनी द्वारा प्रबन्धकार्मिकों की नियुक्ति और उन्हें दिए जाने वाले प्रबन्ध पारिश्रमिक सम्बन्धी सांविधिक मार्गदर्शन सिद्धांतों का अनुपालन किया गया है। ये सभी प्रावधान 15 जून, 1988 से लागू हो गए हैं और इनसे आने वाले वर्षों इस व्यवसाय में प्रैक्टिसरत पक्ष निश्चित ही सुदृढ़ होगा।

2.1 कम्पनी (संशोधन) अधिनियम 1988 के अधीन मान्यता :

संशोधन अधिनियम ने पूर्णकालिक सचिव की नियुक्ति के लिए धारा 383(क) के अधीन कम्पनी की प्रदत्त शेयर पूंजी को निर्धारित करने की शक्ति केन्द्रीय सरकार को प्रदान कर दी है, जो पहले स्वयं अधिनियम के अन्तर्गत 25 लाख रुपये निर्धारित की गई थी। यदि कोई कम्पनी इस प्रावधान का अनुपालन नहीं करती है तो उसके लिए प्रत्येक चूक दिन पर 50 रुपए के जुर्माने की व्यवस्था भी की गई है, जब तक कि कम्पनी यह सिद्ध न करदे कि उसके इस प्रावधान के अनुपालन के लिए पर्याप्त प्रयास किए गए या कम्पनी की वित्तीय स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह पूर्णकालिक सचिव नियुक्त कर सकती है। यद्यपि सरकार ने अभी तक संशोधित धारा को लागू न कर धारा 383-क के पहले वाले प्रावधानों को बनाए रखा है, आपकी परिषद् ने सरकार से कहा है कि वह संशोधित धारा में भी 25 लाख रुपए की वित्तीय सीमा निर्धारित कर दे क्योंकि पर्याप्त संख्या में अर्हता प्राप्त कम्पनी सचिव उपलब्ध हैं और विधि मंत्री ने कम्पनी सचिव अधिनियम 1980 पेश करते हुए आश्वासन दिया था कि निगम-प्रबन्ध के व्यावसायीकरण के लिए सभी उपाय किए जाएंगे और यदि परिस्थितियों के अनुसार आवश्यकता पड़ी तो 10 लाख रुपए की निम्न सीमा निर्धारित करने पर भी विचार किया जाएगा।

2.2 कम्पनी (संशोधन) अधिनियम 1988 :

यह बात उत्साहवर्धक है कि कम्पनी (संशोधन) अधिनियम 1988 द्वारा जो संशोधन किए गए हैं, वे व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण हैं, इसके अलावा इस संशोधन अधिनियम में ऐसी कुछ सिफारिशें भी शामिल कर ली गई हैं, जिन्हें इंस्टीट्यूट ने पहले कहा था, जैसे वार्षिक रिपोर्ट के प्रकाशन को सरल बनाने, भावी निवेशकों को संक्षिप्त विवरण पत्र जारी करने तथा कम्पनियों द्वारा कुछेक सांविधिक मार्गदर्शन सिद्धांतों को पूरा करने पर सरकार के अनुमोदन बिना कम्पनी द्वारा प्रबन्ध कार्मिकों की नियुक्ति और उनको पारिश्रमिक प्रदान करना।

2.3 मिश्र दस्तावेजों का प्रवर्तन :

पूंजी निर्गम सलाहकार समिति की बैठक में दिए गए सुझाव पर भूतपूर्व अध्यक्ष श्री आर. रामचन्द्रन तथा समिति के एक सदस्य भी एक ऐसे नए मिश्र दस्तावेज तैयार करने के सम्बन्ध में व्यवहार्यता अध्ययन कार्य हाथ में लिया, जिस में एक अंश ब्याज वाले डिबेंचरों का तथा दूसरा अंश लाभांश प्रदान करने वाले इक्विटी शेयरों का निहित हो। प्रस्तावित मिश्र दस्तावेज पर कुछ व्यापारी बैंकरों, स्टॉक एक्सचेंज के पदाधिकारियों, स्टॉक ब्रोकरों तथा वरिष्ठ कम्पनी सचिवों से लाभप्रद विचारों का आदान-प्रदान कर के मई 1987 में इंस्टीट्यूट ने एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। सरकार ने रिपोर्ट की प्राप्ति स्वीकृति दी है और इस दिशा में इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की है।

संगठनात्मक ढांचा

3. परिषद्

3.1 परिषद् के संघटन में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। सभी निर्वाचित और नामित सदस्य इस रिपोर्ट की तिथि तक अपने पदों पर बने रहे।

3.2 बैठकें

परिषद् ने 1987-88 के दौरान छः बैठकें रखीं।

4. अध्यक्ष और उपाध्यक्ष :

1 जनवरी, 1988 को आयोजित परिषद् की दसवीं बैठक में श्री आर. रामचन्द्रन ने अध्यक्ष का पद छोड़ दिया और श्री वी. एल. दोराईस्वामी को वर्ष 1988 के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसी बैठक में श्री श्यामल सेन को 1-1-1988 से एक वर्ष के लिए सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। वर्ष 1987 में इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष के रूप में श्री आर. रामचन्द्रन द्वारा की गई मूल्यवान सेवाओं के लिए परिषद् ने उनकी सराहना की।

5. समितियां :

अधिनियम की धारा 17 के प्रावधानों के अनुसार परिषद् ने वर्ष के दौरान तीन स्थायी और पांच अन्य समितियों का गठन किया। विभिन्न समितियों की संरचना इस रिपोर्ट के परिशिष्ट "..." में दी गई है।

6. क्षेत्रीय परिषदें और शाखाएं :

6.1 क्षेत्रीय परिषदें :

1 जनवरी, 1986 से 3 वर्ष की अवधि के लिए गठित चार क्षेत्रीय परिषदों में से प्रत्येक परिषद् की गतिविधियां वर्ष के दौरान चलती रहीं। वर्ष 1987-88 के लिए 4 क्षेत्रीय परिषदों की वार्षिक रिपोर्टों से तैयार की गई गतिविधियों और वित्तीय स्थितियों का सारांश इस रिपोर्ट के परिशिष्ट "ख" में दिया गया है।

6.2 शाखाएं :

कंपनी सचिव विनियमावली 1982 के विनियम 143 के अनुसार 4 क्षेत्रीय परिषदों के क्षेत्राधिकार के अधीन गठित 32 शाखाएं विद्यार्थियों की स्थिति और सदस्यों के व्यावसायिक विकास के लिए वर्ष के दौरान अपनी स्थानीय गतिविधियां चलाती रहीं।

6.3 क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं के पदाधिकारियों की बैठकें :

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान प्रत्येक क्षेत्र में और फरवरी 1988 के प्रथम सप्ताह में कलकत्ता में हुए इंस्टीट्यूट के 16वें राष्ट्रीय सम्मेलन के अवसर पर क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं के पदाधिकारियों की बैठकें क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं के बीच नियमित रूप से पारस्परिक संबंध रखने की प्रक्रिया के सिलसिले में आयोजित की जाती रहीं। इसके अतिरिक्त सभी क्षेत्रों में वर्ष में वर्तमान गतिविधियों का जायजा लेने तथा गतिविधियों की गति को बढ़ाने के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव तथा चार क्षेत्रीय परिषदों के चेयरमैनों के बीच एक अलग बैठक जनवरी, 1988 में रखी।

6.4 सर्वश्रेष्ठ शाखा पुरस्कारों का वितरण :

4 फरवरी, 1988 को कलकत्ता में ग्रांड होटल में 16वें राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन पर श्री राजीव कौल, प्रबंध निदेशक, निक्को लि. तथा अध्यक्ष इंडियन चैम्बर आफ कामर्स ने वर्ष 1986-87 के लिए निम्नलिखित सर्वश्रेष्ठ शाखा पुरस्कार वितरित किए :—

(1)	वर्ष 1986-87 के लिए इंस्टीट्यूट की सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय शाखा के रूप में अधिनिर्णीत होने के कारण चल रजत शील्ड और प्रशस्ति प्रमाण पत्र तथा पश्चिमी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय शाखा के लिए प्रशस्ति पत्र।	अहमदाबाद शाखा
(2)	पूर्वी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय शाखा होने के कारण प्रशस्ति प्रमाण पत्र।	रांची शाखा
(3)	उत्तरी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय शाखा होने के कारण प्रशस्ति प्रमाण पत्र।	कानपुर शाखा
(4)	दक्षिणी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय शाखा होने के कारण प्रशस्ति प्रमाण पत्र।	बंगलौर शाखा

अहमदाबाद शाखा को वर्ष 1986-87 के लिए 25000 रुपए का मोदी इन्टरनेशनल वार्षिक पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

7. कंपनी सचिव विनियम 1982 :

पिछले चुनाव के बाद सदस्यों द्वारा अभिव्यक्त किए गए विचारों को ध्यान में रखते हुए तथा पिछले दो चुनावों के आयोजन के बाद परिषद् द्वारा प्राप्त अनुभव के आधार पर मुख्य रूप से परिषद् और चार क्षेत्रीय परिषदों के चुनाव की पद्धति और प्रक्रिया में परिवर्तन के लिए तथा प्रसंगवश परीक्षा सम्बन्धी आवश्यकताओं में थोड़े बहुत परिवर्तन करने के लिए कंपनी सचिव विनियम, 1982 में कुछ संशोधनों का प्रस्ताव किया गया है। चुनाव विनियमों में प्रस्तावित परिवर्तनों में व्यवस्था है कि परिषद और क्षेत्रीय परिषदों के चुनाव प्रत्येक क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्र का आनुपातिक प्रतिनिधित्व एकल हस्तांतरणीय मत के अनुसार हो तथा जितने उम्मीदवार हों उतनी ही वरियताएँ हों, प्रत्येक क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए परिषद के सदस्यों का चुनाव केवल उस निर्वाचन क्षेत्र के सदस्य करें, अधिकांश सदस्यों के लिए पोलिंग बूथों में मतदान तथा मतदाताओं के नाम परिपत्र जारी कर उम्मीदवार द्वारा सीमित प्रचार करने की अनुमति दी जाए। अब ये संशोधन सरकार द्वारा अनुमोदित करा दिए गए हैं और परिषद और क्षेत्रीय परिषदों के संशोधित विनियमों के अधीन अगले चुनाव कराने के लिए ये संशोधन 22 अगस्त, 1988 से लागू कर दिए गए हैं।

नौकरी और/या प्रैक्टिस के लिए सदस्यता

8. सदस्यता :

रिपोर्टाधीन वर्ष में 444 व्यक्तियों को इंस्टीट्यूट का एसोसिएट सदस्य बनाया गया और 10 एसोसिएट सदस्यों को फैलो सदस्यता प्रदान की गई। 31 मार्च, 1988 को इंस्टीट्यूट के रजिस्टर में 6335 सदस्य दर्ज थे, जिनमें 4947 एसोसिएट सदस्य और 1388 फैलो सदस्य थे। वार्षिक फीस की अदायगी न करने, मृत्यु अथवा त्यागपत्र देने के कारण 31 मार्च, 1988 तक 88 सदस्यों के नाम रजिस्टर में से काट दिए गए, जिनमें से 7 फैलो और 81 एसोसिएट सदस्य हैं। परिषद इस वर्ष 12 सदस्यों की मृत्यु पर अपना शोक व्यक्त करती है। 31 मार्च 1988 को विदेश में रहने वाले सदस्यों की संख्या 120 थी। पिछले पांच वर्षों में सदस्यों में हुई वृद्धि के संबंध में सारणी इस रिपोर्ट के परिशिष्ट "ग" में दी गई है।

9. प्रैक्टिस प्रमाण पत्र:

वर्ष में 247 सदस्यों को प्रैक्टिस के लिए प्रमाणपत्र जारी किए गए और वर्ष के अन्त में 1065 सदस्यों के पास प्रैक्टिस प्रमाण पत्र थे। 61 सदस्यों के प्रमाण पत्र वार्षिक प्रैक्टिस प्रमाण पत्र फीस न देने, मृत्यु, प्रमाण पत्र वापस कर देने तथा प्रमाण पत्र के नवीकरण की पात्रता न रहने के कारणों से रद्द किए गए। प्रैक्टिस प्रमाण पत्रधारक सदस्यों में वृद्धि की एक सारणी रिपोर्ट के परिशिष्ट "घ" में दी गई है। आशा है कि कंपनी (संशोधन) एक्ट 1988 में पूर्णकालिक प्रैक्टिसरत सचिव को मान्यता प्रदान हो जाने से पूर्णकालिक प्रैक्टिसरत सदस्यों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि होगी।

10 सदस्यों की सूची :

विनियम 161 के साथ पठनीय कंपनी सचिव अधिनियम 1980 की धारा 19(3) के अनुसरण में 1 अप्रैल, 1987 को सदस्यों की एक पूरक सूची प्रकाशित की गई है तथा सदस्यों द्वारा मांग करने पर उन्हें दी गई और 1 अप्रैल 1988 को वर्ष सदस्यों की एक समेकित सूची सदस्यों तथा अन्य व्यक्तियों के लिए प्रकाशित कर दी गई है।

व्यावसायिक विकास और अनवरत शिक्षा :

11 कार्यक्रम

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान इंस्टीट्यूट ने सेवारत तथा प्रैक्टिसरत दोनों प्रकार के सदस्यों के लिए छः व्यावसायिक और ओरियन्टेशन/विकास कार्यक्रम आयोजित किए। ये कार्यक्रम केन्द्र और राज्य सरकार की कंपनियों के प्रमुख/वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य व्यावसायिकों के लिए भी थे। कार्यक्रमों की सूची इस रिपोर्ट के परिशिष्ट "ड" में दी गई है।

11: आचार संहिता तथा व्यावसायिक श्रेष्ठता

बंबई में चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन के बाद इंस्टीट्यूट ने सदस्यों के अनुपालन के लिए व्यावसायिक प्रबंधक के लिए आचार संहिता विषय पर एक आचार संहिता प्रकाशित की। अब यह आचार संहिता कंपनी सचिव अधिनियम 1980 की अनुसूचियों का एक भाग हो गई है। कंपनी अधिनियम 1988 में प्रैक्टिसरत कंपनी सचिव को मान्यता मिल जाने और कंपनी विधि में उसकी और अधिक भूमिका निहित होने के बाद इंस्टीट्यूट के सदस्यों के लिए चाहे वे नौकरी में हों या प्रैक्टिस कर रहे हों, ये और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है कि वे इस संहिता में निहितार्थ का अध्ययन करें और प्रत्यक्ष रूप से तथा हृदय से इसका अनुपालन करें। अतः सदस्यों को चाहिए कि अपने स्टेटस के अनुसार अपने आचार को बनाएं तथा पूरे उत्साह से नैतिकता तथा शिष्टाचार के आदर्श सिद्धान्तों की रक्षा करें और इस बात का ध्यान रखें कि सरकार और समाज उन पर प्रतिकूल टिप्पणी न करें और उनकी व्यावसायिक श्रेष्ठता बनी रहे। इस प्रसंग में नौकरी और प्रैक्टिसरत दोनों प्रकार के सदस्यों के सामान्य मार्ग-निर्देशक के लिए कंपनी सचिव अधिनियम 1980 की प्रथम और द्वितीय अनुसूचियों में दी गई आचार संहिताओं की विभिन्न धाराओं पर इंस्टीट्यूट शीघ्र ही स्पष्टीकारक टिप्पणियां प्रकाशित करेगा। जहां "श्रेष्ठता" का विशेष ध्यान रखा जाएगा वहां स्वतः ही मान सम्मान प्राप्त होगा।

12.1 कम्प्यूटर मूल्यांकन कार्यक्रम :

समीक्षाधीन वर्ष में सदस्यों और विद्यार्थियों के लिए कुछ क्षेत्रीय परिषदों ने कम्प्यूटर मूल्यांकन कार्यक्रम आयोजित किए/पुनरावृत्ति की।

13. प्रकाशन

13.1 चार्टर्ड सेक्रेटरी :

यह जर्नल 16 वर्षों से प्रकाशित हो रहा है और यह जर्नल सदस्यों और कंपनी एक्जीक्यूटिवों को सम्बन्ध सरकारी अधिसूचनाओं की जानकारी यथाशीघ्र देते हुए प्रभावकारी ढंग से सम्प्रेषण के माध्यम के रूप में तथा व्यावसायिक ज्ञान में उनको अद्यतन सूचना देता रहा है जिससे इस जर्नल की प्रतिष्ठा और गुणवत्ता बनी रही है। इस वर्ष निम्नांकित चार विशेषांक प्रकाशित हुए :—

(1) अप्रैल 1987 में बजट विशेषांक

(2) नवंबर 1987 में कंपनी संशोधन बिल 1987 विशेषांक

(3) दिसंबर 1987 में पूंजी बाजार विशेषांक, और

(4) फरवरी 1988 में प्रदूषण नियंत्रण विशेषांक

चार्टर्ड सेक्रेटरी में 16वें और 17वें खण्डों में विधि वित्त, लेखा और प्रबंध विधाओं पर प्रकाशित सर्वोत्तम लेखों पर पुरस्कारों का वितरण कलकत्ता में 4 फरवरी को हुए 16वें राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि श्री राजीव कौल प्रबंध निदेशक निक्को लि. तथा अध्यक्ष भारतीय वाणिज्य चेम्बर ने किया।

13.2 अन्य प्रकाशन :

इंस्टीट्यूट ने भारतीय स्वतंत्रता की 40वीं वर्षगांठ की स्मृति में "कंपनी सचिव—प्रास्थिति, स्टेटस अधिकार और उत्तरदायित्व भाग 1

का विशिष्ट प्रकाशन किया। इसके अलावा 1988-87 के आगामी वर्ष में मुद्रण के लिए निम्नलिखित पांच प्रकाशन विभिन्न अंतिम चरणों में हैं:—

(क) गाइडेंस नोट आन ट्रेड मार्क लॉ

(ख) मोनोग्राफ आन ट्रेड प्रैक्टिसेज

(ग) कंपनी लॉ फार ले मैन

(घ) कंपनी सेक्रेट्री एंड—हिज स्टेट्स रिसपान्सिबिलीटीज पार्ट II एंड पार्ट III विद द सेक्रेटरी आन दि कंपनी सेक्रेटरी 1980।

14. अनुसंधान योजनाएं:

इंस्टीट्यूट को अपने सदस्यों से जिन अनुसंधान कार्यों को हाथ में लेने के प्रस्ताव मिले, उनमें से निम्नलिखित प्रकाशनों और अनुसंधान अध्ययन को आगामी वर्ष 1988-89 में अन्तिम रूप दिया जाएगा:—

(क) गाइडेंस नोट आन एनुअल रिटर्न

(ख) प्राइवेट लिमिटेड कंपनीज डूज एण्ड डोंटस

(ग) इंडस्ट्रियल सिकनेस इन स्माल स्केल सेक्टर

14.1 मानक सचिवीय प्रैक्टिस के लिए मार्ग निर्देश तैयार करना:

जैसाकि स्टाक एक्सचेंज सुधारों पर उच्च शक्ति प्राप्त समिति ने सिफारिश की, तदनुसार कंपनियों के सचिवीय/शेयर विभागों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए मार्ग निर्देश तैयार करने के लिए उपाय किए गए हैं। इस बारे में तत्कालीन उपाध्यक्ष श्री बी.एस. दोराइस्वामी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर सचिवीय/शेयर विभागों की कार्य क्षमता को बढ़ाने के लिए की गई सिफारिशों की मुख्य बातें प्रकाशित करने के लिए उपाए लगभग पूरे कर लिए गए हैं; सभी संबद्ध व्यक्तियों के विचार जानने के लिए चार्टर्ड सेक्रेटरी के अगस्त 1988 अंक में "प्रैक्टिस प्रगटीकरण मसौदा प्रकाशित किया जाएगा। बाद में एक मानक सचिवीय प्रैक्टिस रूप में इसका प्रकाशन होगा, जिससे सभी कंपनियां अनुसरण कर सकें।

14.2 शेयर अन्तरण के लिए मानक जांच-सूची तैयार करना तथा निवेशकों आदि को जानकारी प्रदान करने के लिए मार्ग निर्देश तैयार करना:

इंस्टीट्यूट ने ऐसी मानक सचिवीय प्रैक्टिस तैयार करने पर भी विचार किया था, जिसे सदस्य विशेष रूप से छोटे निवेशकों के शेयर अन्तरण कामों की तेजी के संवीक्षा और स्वीकृति के लिए अपना सकते हों। बाद में वित्त मंत्रालय ने श्री आर एन बंसल की अध्यक्षता में शेयर अन्तरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए कार्यकारी ग्रुप गठित किया, जिसके सामने इंस्टीट्यूट ने कुछ विचार प्रस्तुत किए, इस ग्रुप ने इंस्टीट्यूट की निम्नलिखित सिफारिशें की हैं:—

(क) कम्पनियों के शेयर विभागों, स्टाक एक्सचेंज के सदस्यों, निवेशकों आदि के मार्ग निर्देशन के लिए शेयर अन्तरण दस्तावेजों की संवीक्षा के लिए मानक जांच सूची तैयार की जाए; और

(ख) निवेशकों, कम्पनियों आदि को जानकारी देने के लिए मार्ग निर्देश तयार करना।

15 रोजगार अवसरों को बढ़ाना

15.1 इंस्टीट्यूट ने अनेक ऐसी एजेंसियों और संगठनों से, जिन्हें विभिन्न कार्यों के लिए कंपनी सचिवों की सेवाओं की आवश्यकता होती है, इस व्यवसाय की भूमिका के संबंध में प्रचार-प्रसार का काम जारी रखा। सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को भी पत्र भेजे गए, जिनमें उनसे विभिन्न सरकारी कंपनियों में कंपनी सचिवों को काम में लगाने की आवश्यकता और उपादेयता के बारे में समझाया गया और यह भी अनुरोध किया गया कि राज्य सरकारों तथा राज्य के सार्वजनिक उपक्रमों के ब्यूरो में ऊंचे पदों पर नियुक्ति के लिए कंपनी सचिव की अर्हता पर विचार किया जाए।

15.2 बैंकिंग विभाग, इंडियन बैंक्स एसोसिएशन, भारत के महानियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक तथा जीवन निगमों को जो अभ्यावेदन भेजे गए थे, इंस्टीट्यूट ने सदस्यों के हितों को ध्यान में रखते हुए उन पर अनुवर्ती कार्रवाई जारी रखी।

15.3 कुछ महत्वपूर्ण दैनिक समाचारपत्रों को नियमित रूप से देखकर विश्लेषण करने के बाद, जहां कहीं आवश्यक हुआ है, विज्ञापन-कर्ताओं को इस संबंध में पत्र भेजे गए हैं जिनमें विधि, वित्त और प्रबंध पर आधारित योग्यताओं वाले विभिन्न पदों के लिए कंपनी सचिव की महत्वपूर्ण भूमिका का दिग्दर्शन कराया गया। इंस्टीट्यूट के सुझाव पर कुछ विज्ञापन दाताओं के विधि विधि और प्रबंध के पदों के संबंध में के लिए इंस्टीट्यूट की अहर्ता को एक वैकल्पिक योग्यता के रूप में शामिल कर लिया है।

16. व्यवसाय को मान्यता:

16.1 प्रेक्टिसरत कंपनी सचिव:

कंपनी (संशोधन) अधिनियम में पूर्णकालिक प्रैक्टिसरत सदस्यों के लिए मान्यता प्राप्त करने के अलावा इंस्टीट्यूट के कंपनी सचिवों के लिए प्रेक्टिस के क्षेत्रों में विस्तार करने के अपने प्रयास जारी रखे। वित्त मंत्रालय के औद्योगिक तथा वित्तीय पुनः निर्माण बोर्ड (बी आई एफ आर) को एक अभ्यावेदन दिया गया जिसमें अनुरोध किया गया कि प्रैक्टिसरत कंपनी सचिवों को बो.ई. के सामने प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में प्रस्तुत होने के लिए मान्यता दी जाए। राज्य की वित्तीय संस्थाओं और निगमों में कंपनी सचिवों द्वारा खोज रिपोर्ट तैयार करने तथा ऋण शक्तियों के प्रमाणीकरण आदि के लिए तथा केन्द्रीय उत्पाद और सीमा शुल्क बोर्ड तथा बैंकों जैसे विभिन्न सरकारी प्राधिकरणों में प्रैक्टिसरत कंपनी सचिवों के लिए कुछ मान्यताएं प्रदान करने के लिए उन्हें पहले जो अभ्यावेदन दिए जा चुके हैं, जिन पर अनुवर्ती कार्रवाई जारी रखी गई।

16.2 समीक्षाधीन वर्ष में विभिन्न प्रकार के प्रमाण-पत्र जारी करने (जिनमें खोज रिपोर्ट भी शामिल है) के लिए पांच राज्य वित्तीय तथा औद्योगिक विकास निगमों से मान्यताएं प्राप्त हुईं।

16.3 कृषि मंत्रालय ने कृषि तथा सहकारी विभाग ने भी संशोधित चार्टर नीति 1986 के अधीन विदेशी गहन समुद्री मत्स्य पोतों को चार्टर करने वाली कंपनियों के संबंध में प्रैक्टिसरत कंपनी सचिव द्वारा प्रमाणीकरण करने की व्यवस्था कर दी है और इसे मान्यता प्रदान की है।

16.4 कैनरा बैंक ने कंपनी सचिवों के व्यावसाय को भी वित्तीय सहायता के लिए मान्यता प्रदान कर दी है जिसके अन्तर्गत स्वतंत्र रूप से प्रैक्टिस आरंभ करने वाले व्यावसायिकों को उनके कार्यालय को सुसज्जित करने में सहायता देने के लिए वित्तीय सहायता दी जा सकती है।

16.5 नौकरी के प्रयोजन से सदस्यों के लिए:

तमिलनाडु सरकार ने व्यापार, वाणिज्य, वित्त वाणिज्यिक करों और उद्योग से संबंधित विभागों में जहां कहीं विशिष्ट ज्ञान की अपेक्षा है वहां राज्य में ग्रुप ए की सेवाओं में भर्ती के लिए इंस्टीट्यूट की सदस्यता को मान्यता प्रदान कर दी है।

16.6 प्राप्त मान्यताओं की सूची:

इस रिपोर्ट की तारीख तक प्रैक्टिस तथा नौकरी में काम कर रहे कंपनी सचिवों के बारे में जो मान्यताएं प्राप्त हुई है उनका ब्योरा इस रिपोर्ट के परिशिष्ट "ख" में दिया गया है।

17. सोहलवां राष्ट्रीय सम्मेलन:

इंस्टीट्यूट ने भारत की 40 वी स्वतंत्रता वर्षगांठ की स्मृति में 4-6 फरवरी 1988 को कलकत्ता के ग्रांड होटल में "कंपनी विधि उभरती प्रवृत्तियां" विषय पर कंपनी सचिवों का सोलहवां राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

किया गया। सम्मेलन में 500 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और इसका उद्घाटन निक्को लि. के महाप्रबन्धक तथा भारतीय वाणिज्य चैम्बर के अध्यक्ष श्री राजीव कौल ने किया। चार तकनीकी सत्रों का सभापतित्व भारत के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री जस्टिस ए. एन. रे, त्रिवेणी टिश्यूज लि. के अध्यक्ष तथा प्रबंधक निदेशक डा. एस. के. चौधरी, आई. सी. ए. आई. के गत अध्यक्ष श्री वी राजारमन तथा उद्योग मंत्रालय के कंपनी कार्य विभाग के अपर सचिव श्री अशोक चन्द्र, आई. ए. एस. ने किया इन सत्रों में प्रख्यात संकाय-विद्वानों ने भाषण दिए, जिनमें से एक यू. के. और दूसरा जापान देश से था।

विद्यार्थियों का पंजीकरण और विद्यार्थी सेवाएं

18. विद्यार्थियों का पंजीकरण:

रिपोर्टाधीन वर्ष में 8319 विद्यार्थी पंजीकृत किए गए। इस वर्ष के अन्त में वर्तमान पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या 50519 है जिसमें वे भी शामिल हैं जिनका पंजीकरण विनियम 21(3) के अंतर्गत बढ़ाया गया है। ऐसे पंजीकृत विद्यार्थियों, परीक्षार्थियों की बढ़ी हुई संख्या जिन्होंने इण्टरमीडिएट और फाईनल परीक्षाएं उत्तीर्ण कर लीं तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए मान्यता प्राप्त कंपनियों की संख्या संबंधी विवरण इस रिपोर्ट के परिशिष्ट "छ" में दिया गया है।

19. पाठ्य विवरण और शिक्षण

19.1 नए पाठ्य विवरण का कार्यान्वयन :

फरवरी 1986 में आरंभ किए गए नए पाठ्य विवरण को 1987-88 में पूरी तरह से क्रियान्वित कर दिया और इसमें शामिल किए गए पाठ्यक्रम विषयों का सामान्यतः स्वागत किया गया है और यह माना है कि ये कंपनी सचिवों के लिए लाभप्रद और व्यावहारिक रूप से उचित हैं।

19.2 नए पाठ्य विवरणों के लिए अध्ययन सामग्री

जैसा कि वर्ष 1986-87 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया था, नए पाठ्य विवरण के अधीन फाईनल परीक्षा पाठ्यक्रम के शेष दो प्रश्न पत्रों की अध्ययन सामग्री का काम पूरा कर लिया गया है। इण्टरमीडिएट परीक्षा के तीन प्रश्न पत्रों की अध्ययन सामग्री को पूरी तरह से संशोधित किया गया और उनके संभावित उत्तरों से संबंधित काम चल रहा है। नए पाठ्य विवरण के अधीन अन्य प्रश्न पत्रों की अध्ययन सामग्री के संशोधन का काम भी चल रहा है।

19.3 पुराने पाठ्य विवरण की अध्ययन सामग्री को अद्यतन करना:

पुराने पाठ्य विवरण से संबंधित अध्ययन सामग्री और उनके संभावित उत्तरों को भी अद्यतन कर लिया है तथा उनमें विधि और प्रक्रिया सम्बन्धी विभिन्न संशोधन और संबंधित हाल के न्यायिक फैसलों को समाविष्ट कर लिया है।

19.4 मार्गनिर्देशी उत्तरों का प्रकाशन :

विद्यार्थियों के लाभ के लिए पुराने पाठ्य विवरण तथा नए पाठ्य विवरणों के अधीन जून और दिसंबर 1987 की परीक्षाओं के मार्ग निर्देशी उत्तरों को एक निश्चित समय में प्रकाशित किया गया।

19.5 विद्यार्थियों के लिए डाक द्वारा शिक्षण :

इस वर्ष पंजीकृत किए गए सभी विद्यार्थियों को डाक द्वारा शिक्षण के लिए दर्ज कर लिया गया। रिपोर्टाधीन वर्ष में 11,137 शिक्षण समापन प्रमाण-पत्र जारी किए गए। कोयम्बटूर और नागपुर में दो और मौखिक शिक्षण केन्द्रों को मान्यता दी गई। विभिन्न क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं के अधीन इस समय कुल 20 मौखिक शिक्षण केन्द्र अपना काम कर रहे

19.6 विद्यालय के साथ सम्पर्क :

विश्वविद्यालयों और उनके सम्बद्ध कालेजों में कंपनी सचिवीय पाठ्यक्रमों के प्रति सामान्य जागरूकता पैदा करने के लिए मिले जुले प्रयास किए गए, इसके लिए कुछ विश्वविद्यालयों और कालेजों के कुलपतियों और विभागाध्यक्षों से मिला गया तथा सभी विश्वविद्यालयों को पत्र लिखे गए जिनमें उनसे नियमित सचिव संबंधी स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम आरम्भ करने या वर्तमान बी. काम पाठ्यक्रम में ही एक ऐच्छिक विषय रखने के लिए कहा गया, जिसमें तीन प्रश्न पत्र निर्धारित किए जाएं। इन दोनों पाठ्यक्रमों संबंधी पाठ्यचर्या के विषयों की सूची अध्ययन निदेशालय ने तैयार करके विश्वविद्यालयों को भेजी ताकि वह इसमें यथा आवश्यक तरमीम करके इसे अपना ले। क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं ने भी अपनी-अपनी विश्वविद्यालय सम्पर्क उप समितियां गठित की और क्षेत्रों में विश्वविद्यालयों के साथ आवश्यक आपसी मेलजोल बिठाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इन्स्टीट्यूट के अधिकारियों तथा व्यवसाय के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा कैरियर संबंधी परामर्श देने के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों और संबद्ध कालेजों में आजीविका प्रदर्शनियों और वार्ताओं की व्यवस्था की गई जिससे कंपनी सचिवीय पाठ्यक्रम के बारे में विद्यार्थियों को समझाया जा सके। रिपोर्टाधीन वर्ष में तत्कालिक निर्वाचित अध्यक्ष श्री आर. रामचन्द्रन ने दक्षिण तथा उत्तरी क्षेत्रों के कुछ विश्वविद्यालयों का दौरा किया।

19.7 विश्वविद्यालयों के सहयोग से मौखिक शिक्षण केन्द्रों की स्थापना :

मौखिक शिक्षण की महत्ता को स्वीकारते हुए इन्स्टीट्यूट ने विश्वविद्यालयों के सहयोग से मौखिक शिक्षण केन्द्र स्थापित करने का काम अपने हाथ में लिया। इस संबंध में हुई प्रगति का विवरण इस प्रकार है:—

(क) भोपाल विश्वविद्यालय इन्स्टीट्यूट की भोपाल शाखा के सहयोग से मौखिक शिक्षण केन्द्र स्थापित करने को सहमत हो गया है।

(ख) असम सरकार ने गुवाहाटी में उत्तर पूर्वी शाखा के सहयोग से प्रबंध तथा लेखा संस्थान स्थापित कर दिया है।

विद्यार्थी समुदाय के लाभ के लिए अन्य पिछड़े क्षेत्रों में भी मौखिक शिक्षण केन्द्रों को स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

19.8 स्टूडेण्ट कंपनी सेक्रेटरी :

जनवरी 1984 में विद्यार्थियों के लिए आरम्भ किए गये मासिक बुलेटिन "स्टूडेण्ट कंपनी सेक्रेटरी" का प्रकाशन और प्रेषण समय पर होता रहा। विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बुलेटिन की उपयोगिता और विषयों में और अधिक सुधार करने का हर संभव प्रयास किया गया है। यह बुलेटिन संविधि परिवर्तनों तथा केस लाज के संकलन के रूप में तैयार किया जाता है और इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को संबंधित विषयों पर नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराना और उनकी अध्ययन सामग्री तथा विषय की जानकारी को आधारभूत बनाए रखना है।

19.9 ऑडियो/वीडियो टेपों पर लेक्चर :

जैसा कि पिछली वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया था, प्रशिक्षण तथा शैक्षिक सुविधा समिति ने निर्णय करके यह तय कर लिया कि सामग्री के पूरक के रूप में विद्यार्थियों की मदद के लिए ऑडियो टेप तैयार किए जाएं और प्रायोगिक आधार पर पहले एम आर टी पी एक्ट पर लेक्चर तैयार करने के लिए कदम उठाए गए हैं।

20. सदस्यता-उपरान्त अर्हता :

सदस्यता-उपरान्त परीक्षा के लिए पाठ्य विवरण तैयार करने वाली समिति सदस्यता-उपरान्त परीक्षाओं में चार विशिष्ट धाराओं का निर्धारण करने के लिए पाठ्यक्रम के विषयों का विस्तृत अध्ययन कर रही है और आशा है कि वह इस वर्ष के अंत तक परिषद् के विचारार्थ अपनी सिफारिशें दे देगी।

21. परीक्षाएं :

इस वर्ष इंस्टीट्यूट ने दो परीक्षाएं जून और दिसम्बर में ली। सारे देश में इन परीक्षाओं के 37 केन्द्रों और विदेश में आबु धाबी में एक केन्द्र था। इस समय पुराने और नए पाठ्य विवरणों के अधीन इण्टरमीडिएट तथा फाइनल परीक्षाएं साथ-साथ ली जा रही हैं। जून 1987 के सत्र में 692 और 253 परीक्षार्थियों ने और दिसंबर 1987 में 702 और 301 परीक्षार्थियों ने क्रमशः इण्टरमीडिएट और फाइनल परीक्षाएं उत्तीर्ण कीं। इंस्टीट्यूट की जून और दिसंबर 1987 की परीक्षाओं में बैठने वाले और सफल घोषित परीक्षार्थियों की संख्या के आंकड़े परिशिष्ट "अ" में दिए गए हैं।

22. अखिल भारतीय पुरस्कार :

22.1 जून 1987 और दिसंबर 1987 में हुई फाइनल परीक्षाओं में क्रमशः दक्षिणी क्षेत्र के श्री अर्जुनन और उत्तरी क्षेत्र के श्री बजरंग लाल बजाज ने प्रेजीडेण्ट स्वर्ण मैडल जीते। जून 1987 तथा दिसंबर 1987 सत्रों के लिए क्रमशः पूर्वी क्षेत्र के श्री सत्य नारायण मूर्ति तथा पश्चिमी क्षेत्र की कुमारी श्रीकांत हार्डी ने इण्टरमीडिएट परीक्षाओं के लिए प्रेजीडेण्ट रजत मैडल जीते।

22.2 अखिल भारतीय पुरस्कारों का वितरण 4 फरवरी 1988 को कलकत्ता में हुए कंपनी सचिवों के सोलहवें राष्ट्रीय सम्मेलन के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री राजीव कौल के हाथों से सम्पन्न हुआ।

22.3 विभिन्न क्षेत्रीय परिषदों द्वारा आरंभ किए गए क्षेत्रीय पुरस्कार उन क्षेत्रों की परिषदों द्वारा आयोजित समुचित समारोहों में संबंधित विद्यार्थियों को प्रदान किए गए।

23. विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता :

वर्तमान योग्यता (मेरिट) छात्रवृत्ति योजना के अनुसार जून 1987 तथा दिसंबर 1987 में इंस्टीट्यूट की परीक्षाओं में योग्य पाए गए दस-दस विद्यार्थियों को परीक्षाएं सराहनीय ढंग से उत्तीर्ण करने के लिए छात्रवृत्तियां दी गईं। इसी प्रकार योग्यता-व-वित्तीय सहायता योजना के अन्तर्गत इंस्टीट्यूट ने क्रमशः दिसंबर 1986 तथा जून, 1987 की परीक्षाओं में योग्य पाए गए 5 और 1 परीक्षार्थियों को वित्तीय सहायता मंजूर की।

24. योग्यता (मेरिट) प्रमाण-पत्र :

विद्यार्थियों की योग्यता (मेरिट) को मान्यता प्रदान करने तथा परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रयास करने के लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की दृष्टि से उन विद्यार्थियों को योग्यता (मेरिट) प्रमाण-पत्र दिए गए जिन्होंने पुराने तथा नए पाठ्य विवरणों के अधीन जून 1987 और दिसंबर 1987 में हुई इण्टरमीडिएट और फाइनल परीक्षाओं में प्रथम दस रैंक प्राप्त किए।

25. परीक्षाओं में हिन्दी का प्रगामी प्रयोग :

जैसा कि पिछली रिपोर्ट में कहा गया था, सभी क्षेत्रों में हिंदी को और और प्रारंभ करने की सरकार की राष्ट्रीय नीति को ध्यान में रखते हुए परिषद् ने यह निर्णय लिया कि इंस्टीट्यूट की परीक्षाओं में चरणबद्ध ढंग से हिंदी माध्यम से हिंदी में उत्तर देने का विकल्प दिया जाए। तदनुसार इस दिशा में प्रगतिशील उपाय के रूप में परिषद् ने (पुराने तथा नए पाठ्य विवरणों के अधीन) प्रोलीमिनरी और इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में हिंदी का विकल्प देने के अलावा दिसंबर 1987 से पुराने पाठ्यविवरण के अधीन होने वाली फाइनल परीक्षा में हिंदी माध्यम से प्रश्न पत्रों के उत्तर लिखने का विकल्प भी शुरू कर दिया है।

26. आबु धाबी में परीक्षा केन्द्र :

संचालन सुविधा तथा विदेश में रहने वाले विद्यार्थियों से प्राप्त अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए प्रयोगात्मक आधार पर जो परीक्षा केन्द्र पहले दुबई में खोला गया था, उसे जून, 1987 सत्र में आबु धाबी में स्थानान्तरित कर दिया।

27. प्रबंध/प्रैक्टिकल/प्रशिक्षु प्रशिक्षण

27.1. प्रबंध प्रैक्टिस प्रशिक्षण के लिए मार्ग निर्देश

पिछले वर्ष तैयार किए गए प्रशिक्षण मार्ग निर्देशों में साथ ही साथ यह निर्धारित किया था कि प्रशिक्षार्थी डायरी रखे, प्रत्येक विद्यार्थी में एक प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करे और प्रशिक्षण कंपनी के प्रत्येक विभाग में तथा कंपनी रजिस्ट्रार, स्टॉक एक्सचेंज तथा वित्तीय संस्थान जैसी विशिष्ट एजेंसियों में प्रशिक्षण के निदर्शी क्षेत्र रखे जाएं; अब ये मार्ग निर्देश अद्यतन कर लिए गए हैं। ऐसी वर्तमान कंपनियों को मार्ग निर्देशों की प्रतियां भेज दी गई है, जो हमारे विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दे रही है तथा ये मार्ग निर्देश नई कंपनियों को भी भेजे गए, जिन्होंने हमारे विद्यार्थियों को प्रबंध प्रशिक्षण देने की सुविधाएं प्रदान करने की पेशकश की है।

27.2 प्रबंध/प्रैक्टिकल/प्रशिक्षु प्रशिक्षण देने के लिए कंपनियों/प्रैक्टिसरत कंपनी सचिवों की सूची बनाना।

कंपनियों की सूची तथा विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आयोजित विद्यार्थियों की संख्या की स्थिति नीचे दी जा रही है।

	कम्पनियों की सं. 31-3-1987 को	31-3-1988 को	वर्ष के अन्त में आयोजित विद्यार्थियों की संख्या 31-3-14873 को	1-3-1988 को
प्रबंध प्रशिक्षण	120	262	16	74
प्रैक्टिकल प्रशिक्षण	580	661	326	432
प्रैक्टिसरत कम्पनी सचिव	26	32	25	40

हमारे विद्यार्थियों को प्रबंध प्रशिक्षण देने के लिए कम्पनियों की संख्या बढ़ाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हमने 700 कम्पनियों को अपने विद्यार्थियों को प्रबंध प्रशिक्षण देने के लिए पत्र भेजे हैं, जिनमें 227 सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियां भी शामिल हैं।

27.3 सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम :

वर्ष 1987-88 में 13 सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए; इनमें उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद्, दक्षिणी भारत क्षेत्रीय परिषद्, पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद् और पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद् प्रत्येक ने दो-दो तथा जयपुर, कानपुर, बंगलौर, अहमदाबाद और हैदराबाद शाखाओं तथा मुख्यालय द्वारा एक-एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

27.4 सचिवीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए मार्ग निर्देश :

व्यापक मार्ग निर्देश तैयार किए गए हैं जिनमें इन कार्यक्रमों की बारम्बारता, भाग लेने वालों की संख्या, पाठ्यक्रम सामग्री, कार्यप्रणाली, फीस, अवधि, कार्यक्रम समन्वयकर्ता, भाग लेने वालों में सर्वश्रेष्ठ के लिए पुरस्कार प्रशिक्षण समापन प्रमाण पत्र, उद्घाटन/समापन समारोहों की व्यवस्था, मूल्यांकन रिपोर्ट, जांच सूची, प्रशिक्षण निदेशक की भूमिका तथा माडल कार्यक्रम शीट आदि के बारे में निर्धारित किया गया है और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करते समय इन मार्ग निर्देशों का अनुपालन करने के लिए क्षेत्रीय परिषदों/शाखाओं के पास भेजा गया है।

27.5 सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम पुस्तिका :

सचिवीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले उस कार्यक्रम की पृष्ठ भूमि और उद्देश्यों को समझ सकें, इसके लिए सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम पुस्तिका तैयार की गई है जिसमें इस कार्यक्रम के मोटे-मोटे उद्देश्य, विस्तृत पाठ्यक्रम और कार्य प्रणाली का उल्लेख है और जो व्यक्ति इस कार्यक्रम में भाग लेते हैं, उन्हें यह पुस्तिका दी जाती है।

27.6 अध्यापन साधन

प्रशिक्षण को प्रभावकारी बनाने और कार्यकुशलता में सुधार लाने तथा कार्यक्रम में और अधिक लोग भाग लें, इन बातों को दृष्टि में रखते हुए केस-अध्ययनों, अनुकरणीय अभ्यासों तथा "रोल प्लेयिंग तकनीकों" के प्रयोग के अलावा लेक्चरों में श्रव्य/दृश्य साधनों के उपयोग पर और दिया जा रहा है।

28 सूखा सहायता के लिए प्रधानमंत्री राहत कोश में अंशदान :

इस वर्ष देश के अनेक भागों में अत्यधिक सूखा पड़ने से राष्ट्र को बहुत हानि हुई। उनकी कठिनाइयों और विपदाओं में हाथ बटाने के लिए परिषद् ने इंस्टीट्यूट के सदस्यों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों से प्रधान मंत्री के राष्ट्रीय राहत कोष में, विशेष रूप से देश में सूखे से प्रभावित लोगों के उपयोग के लिए, अपना अंशदान देने की अपील की। इंस्टीट्यूट ने सदस्यों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों से इकट्ठी की रु. 16,062/- की धन राशि सूखे से प्रभावित देशवासियों के कष्टों के प्रति कम्पनी सचिवों के व्यवसाय की भावनाओं को अभिव्यक्त करने के लिए में प्रदान की।

29 भारत के 40 वें स्वतंत्रता वर्ष की स्मृति में :

सरकार के अनुरोध पर 15 अगस्त को प्रारम्भ होकर 14 अगस्त, 1988 को समाप्त होने वाले भारत के 40 वें स्वतंत्रता वर्ष को मनाने का निर्णय लिया गया। इंस्टीट्यूट ने भारत के 40वें स्वतंत्रता वर्ष के अवसर पर समारोह रूप में नई दिल्ली में कम्पनी (संशोधन) बिल, 1987 पर, 30 और 31 अक्तूबर, 1987 को एक राष्ट्रीय विचार गोष्ठी तथा "कम्पनी विधि—उभरती प्रवृत्तियां" विषय पर कलकत्ता में 16 वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर कार्यालयों के लिए वे कार्य स्थल जो अधिग्रहण की क्रिया में थे, उनका अधिग्रहण किया गया और अहमदाबाद, बंगलौर, डोम्बीवली तथा हैदराबाद में इस वर्ष ये कार्यालय खोले गए। चार और नए अखिल भारतीय पुरस्कारों का शुभारम्भ किया गया, जिनमें इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट तथा फाइनल परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ महिला विद्यार्थियों को दिए जाने के लिए दो पुरस्कार शामिल हैं। 4 से 6 फरवरी, 1988 तक कलकत्ता में हुए राष्ट्रीय सम्मेलन में इंस्टीट्यूट का एक नया प्रकाशन "कम्पनी सेक्रेटरी—ब्रिज स्टेटस, राइट्स एंड लाइबिलिटीज भाग-I" का विमोचन इस विशेष अवसर को मनाने के लिए 4 फरवरी, 1988 को उद्घाटन सत्र में किया गया। भारत के 40 वें स्वतंत्रता वर्ष की समापन संध्या पर "चार्टर्ड सेक्रेटरी" के अगस्त 1988 अंक को विशेषांक के रूप में प्रकाशित करने का प्रस्ताव है, जिसे भारत के 40 वें स्वतंत्रता वर्ष की स्मृति में कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष द्वारा विमोचित किया जाएगा।

30 लेखे, रिजर्व और अधिशेष :

अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (5) के अनुसरण में 31 मार्च, 1988 को समाप्त होने वाले वर्ष के लेखे यहां प्रकाशित किए जा रहे हैं।

30.1 आय और व्यय लेखा

समीक्षाधीन वर्ष के आय और व्यय लेखे को देखने से पता चलता है कि आय से 3,71,237 रुपए अधिक का व्यय हुआ जबकि पिछले वर्ष 40,965 रुपए का अधिशेष रहा था। व्यय में हुई वृद्धि का मुख्य कारण यह है कि इंस्टीट्यूट के कर्मचारियों के लिए चौथे वेतन आयोग की सिफारिशें लागू की गई और यह भी कि पिछले कुछ वर्षों से सदस्यों को जो सेवाएं दी जा रही हैं, उन पर होने वाले व्यय में भी हर तरफ बढ़ रहे मूल्यों के कारण व्यय में लगातार वृद्धि हुई है जबकि सदस्यों द्वारा दी जाने वाली फीस में वृद्धि नहीं की गई है। इसलिए परिषद् ने 1 अप्रैल 1988 से सदस्यों द्वारा दी जाने वाली फीस में वृद्धि करने का प्रस्ताव रखा है और इसे सरकार के पास अनुमोदन के लिए भेजा गया है। इसके अलावा जर्नल के चन्दा देने वाले सदस्यों को बढ़ाकर, इनमें विज्ञापन प्रकाशित कर प्रकाशनों की अधिक बिक्री कर तथा सदस्यों और विद्यार्थियों को दी जा रही सेवा की क्वालिटी में कमी किए बिना इन सेवाओं के व्यय में बचत करके आमदनी बढ़ाने के उपायों पर भी परिषद् ने अभी भांति समीक्षा की है।

30.2 शुल्क का पूंजीकरण :

पूर्व प्रचलित पद्धति के अनुसार ऐसोसिएट और फैलो सदस्यों से प्राप्त रु. 1,53,400/- के प्रवेश शुल्क को पूंजीकृत कर दिया है। वर्ष के अन्त में पूंजीकृत राशि 18,48,925/- रुपए थी।

30.3 रिजर्व और अधिशेष

सावधिक जमा राशि पर अर्जित ब्याज की 2,51,076/- रुपए की राशि भवन रिजर्व लेखे में सीधे विनियोजित कर दी गई है। इस वर्ष अहमदाबाद, बंगलौर और हैदराबाद शाखाओं के कार्यालयों के लिए स्थान अधिग्रहण और मद्रास स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में अतिरिक्त भवन निर्माण पर 14,07,198 रुपए का पूंजी-भुगतान किया गया है, जिसे सामान्य रिजर्व खाते में अंतरित कर दिया है। पिछले वर्षों तथा समीक्षाधीन वर्ष में मद्रास स्थित दक्षिण भारत क्षेत्रीय परिषद् तथा बड़ौदा, डोम्बीवली, अहमदाबाद, बंगलौर और हैदराबाद शाखाओं ने भवन/फ्लैटों की लागत के संबंध में जो भी अंशदान दिया उसे सामान्य रिजर्व खाते में डाल दिया गया है। 31 मार्च 1988 को सामान्य रिजर्व की कुल राशि 1,42,73,955 रुपए थी जबकि पिछले वर्ष यह राशि 1,11,12,417 रुपए थी।

30.4 वित्तीय स्थिति का सारांश :

वित्तीय स्थिति का सारांश इस रिपोर्ट के परिशिष्ट "ग" में दिया गया है।

31. भूमि और भवनों में अतिरिक्त निर्माण :

31.1 परिषद् ने करोल बाग नई दिल्ली के प्रसाद नगर, इंस्टीट्यूशनल एरिया में आबंटित हुए प्लाट पर उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद् के कार्यालय भवन के निर्माण के लिए एक भवन-समिति गठित की है, इसका नींव पत्थर 1985-86 में रखा गया था। समिति ने अब आर्किटेक्ट नियुक्त कर लिया है और प्लाट के पट्टे के कागजात यथावत रजिस्टर करा के दिल्ली विकास प्राधिकरण के पास भवन का नक्शा अनुमोदन के लिए भेज दिया है।

31.2 हैदराबाद शाखा के लिए कार्यालय परिसर :

वर्ष 1987-88 में हैदराबाद में 6-3-609/5, आनन्द नगर कालोनी, खैरताबाद-500004 में लगभग 5400 वर्ग फुट के प्लाट में लगभग 1624 वर्गफुट क्षेत्र के एक भवन को हैदराबाद शाखा के कार्यालय के लिए 10.22 लाख रुपए की कुल लागत से खरीद लिया है।

31.3 बंगलौर शाखा के लिए कार्यालय परिसर :

"शरीफ चैम्बर्स", 14, कनिंघम रोड, बैंगलोर-560052 में बंगलौर शाखा के लिए लगभग 1600 वर्गफुट के कार्यालय परिसर का निर्माण पूरा हो गया है, जिस पर 8 लाख रुपए लागत आई है, इसको वर्ष 1987-88 में अधिकार में लिया गया था। इस शाखा समुचित रूप से कार्यालय को सुसज्जित करने के लिए कदम उठाए हैं और नया कार्यालय वहां से शीघ्र कार्य करने लगेगा।

31.4 अहमदाबाद शाखा के लिए कार्यालय परिसर :

इस वर्ष 1987-88 में अहमदाबाद शाखा के लिए अहमदाबाद में एस-1, बी टॉवर, सिन्धु नाई आर्क, आश्रम रोड अहमदाबाद-380009 में लगभग 2350 वर्ग फुट क्षेत्र, का कार्यालय परिसर 14.60 लाख रुपए की लागत से खरीदा गया है।

32. लेखा परीक्षा :

अधिनियम की धारा 18(4) के अनुसरण में परिषद ने मैसर्स बी के सेन गुप्ता एण्ड कं. चार्टर्ड एकाउण्टेंटस, नई दिल्ली को 31 मार्च, 1988 को समाप्त वर्ष के लेखों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षक के रूप में पुनः नियुक्त किया। लेखा परीक्षक की रिपोर्ट तथा लेखा का विवरण यहां प्रकाशित किया जा रहा है।

33. आभार और संस्तुति :

निष्कर्ष :

इंस्टीटयूट केन्द्रीय सरकार के मंत्रियों और केन्द्र सरकार के अधिकारियों, विशेष रूप से कंपनी कार्य विभाग का, उनके द्वारा संरक्षण, व्यवसाय को मार्गदर्शन और इंस्टीटयूट की इस वर्ष की गतिविधियों में अपना समर्थन प्रदान करने के लिए आभार प्रकट करता है। क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं ने अपने क्षेत्र में व्यवसाय के विकास में परिषद को पर्याप्त समर्थन दिया। राज्य सरकारों, सामान्य रूप से निगम क्षेत्र तथा देश के विभिन्न वाणिज्य चैम्बरों ने इंस्टीटयूट के इस अनुरोध को सकारात्मक रूप से माना है कि व्यवसाय की वृद्धि में सहयोग और सदस्यों को अवसर प्रदान किए जाएं।

परिषद अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा इस वर्ष इंस्टीटयूट की नीतियों और कार्यक्रमों को पूरी निष्ठा से क्रियान्वित करने के लिए उनके द्वारा किए गए सत्परिश्रम और कार्य के प्रति निष्ठा के लिए उनकी गहन प्रशंसा करती है।

दि इंस्टीटयूट आफ कम्पनी सैक्रेटरीज आफ इंडिया की परिषद

नई दिल्ली : 20 सितम्बर 1988 (बी.एस. डोराइस्वामी,) अध्यक्ष

परिशिष्ट "क"

1988 की स्थायी व अस्थायी समितियां तथा संपादकीय सलाहकार बोर्ड

(1 जनवरी, 1988 को)

स्थायी समितियां

I. कार्यकारी समिति

श्री बी. एस. डोराइस्वामी, प्रेजीडेंट	अध्यक्ष
श्री श्यामल सेन, वाइस-प्रेजीडेंट	सदस्य
श्री बी. के. मल्होत्रा (सरकारी नामिती)	सदस्य
श्री आर. कृष्णन	सदस्य
श्री आर. रामचन्द्रन (गत अध्यक्ष)	सदस्य

II परीक्षा समिति

श्री श्यामल सेन, वाइस-प्रेजीडेंट	अध्यक्ष
श्री डी. सी. जैन	सदस्य
श्री प्रमोद एस. शाह	सदस्य

III. अनुशासन समिति

श्री बी. एस. डोराइस्वामी, प्रेजीडेंट	अध्यक्ष
श्री बी. के. मल्होत्रा (सरकारी नामिती)	सदस्य
श्री आर. वी. नागराजन	सदस्य

अस्थायी समितियां

IV प्रशिक्षण तथा शिक्षा सुविधा समिति :

श्री श्यामल सेन, वाइस प्रेजीडेंट	अध्यक्ष
श्री वी. आर. अग्निहोत्री	सदस्य
श्री बी. पी. धनुका	सदस्य
श्री डी. के. प्रहलाद राव	सदस्य
प्रो. पृथपाल सिंह	सदस्य
श्री एस. के. टुटेजा	सदस्य

V. व्यावसायिक विकास समिति :

श्री बी. एस. डोराइस्वामी, प्रेजीडेंट	अध्यक्ष
श्री वी. आर. अग्निहोत्री	सदस्य
श्री बी. पी. धनुका	सदस्य
श्री जी. वी. राव	सदस्य
श्री सी. आर. शाह	सदस्य
श्री प्रमोद एस. शाह	सदस्य
श्री बी. पी. आर. विट्ठल	सदस्य

VI. समन्वय समिति :

श्री बी. एस. डोराइस्वामी, प्रेजीडेंट	अध्यक्ष
श्री श्यामल सेन, वाइस-प्रेजीडेंट	सदस्य
श्री आर. वी. नागराजन	सदस्य
श्री आर. रामचन्द्रन	सदस्य
श्री प्रमोद एस. शाह	सदस्य

VII. विधि समिति :

श्री डी. के. प्रहलाद राव	सदस्य
श्री बी. पी. धनुका	सदस्य
श्री डी. सी. जैन	सदस्य
श्री आर. कृष्णन	सदस्य
श्री आर. वी. नागराजन	सदस्य
श्री सी. आर. शाह	सदस्य

VIII. संपादकीय सलाहकार बोर्ड :

श्री सी. आर. शाह	अध्यक्ष
श्री डी. सी. जैन	सदस्य
श्री पी. वी. राव	सदस्य
श्री आर. बालसुब्रामाणयम	सदस्य
श्री यू. के. चौधरी	सदस्य
श्री दलीप गोस्वामी	सदस्य
श्री एन. एस. राघवन	सदस्य
श्री टी. पी. सुब्बारमन	संपादक संयोजक

परिशिष्ट—ख

क्षेत्रीय परिषदों की वर्ष 1987-88 की वार्षिक रिपोर्टों में दी गई गतिविधियों का सारांश

पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद

क्षेत्रीय परिषद् व्यावसायिक विकास की गतिविधियों और अपने सदस्यों तथा विद्यार्थियों को सुविधा प्रदान करने के काम पर जोर देती रही। इसने चौदह बैठकें आयोजित कीं, जिनमें व्यावसायिक विषयों पर आठ लेक्चर बैठकें, सदस्यों तथा विद्यार्थियों प्रत्येक के साथ दो-दो आपसी मेल-जोल बैठकें प्रैक्टिसरत कंपनी सचिवों के साथ एक बैठक और एक क्षेत्रीय विद्यार्थी सम्मेलन शामिल हैं। "कंपनी सचिव और परिवर्तनशील पर्यावरण" विषय पर 29-30 अगस्त 1987 को हुए तीसरे क्षेत्रीय विद्यार्थी सम्मेलन का उद्घाटन मि. जस्टिस बी.पी. बैनर्जी ने किया और स्वामी लोकेश्वरानन्द ने मुख्य भाषण दिया। बैठक में औद्योगिक विधि में संशोधन, शेयरों का अन्तरण और प्रेषण, कंपनी अधिनियम में संशोधन, वित्त बिल और वार्षिक विवरणी का प्रमाणीकरण जैसे विषयों को शामिल किया गया। इसके अलावा, प्रायः व्यावसायिक विषयों पर विचारविमर्श के लिए अध्ययन सर्किल बैठकें रखी गईं। क्षेत्रीय परिषद ने "कंपनी विधि-उभरती प्रवृत्तियां" विषय पर परिषद द्वारा कलकत्ता में 4-6 फरवरी 1988 को रखे गए 16वें राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन में अपना पूरा समर्थन दिया। श्री राजीव कौल, अध्यक्ष भारतीय वाणिज्य चैम्बर आफ ने 4 फरवरी 1988 को इसका उद्घाटन किया।

क्षेत्रीय परिषद अपने विद्यार्थियों के लिए माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम और अनवरत मौखिक शिक्षण कक्षाएं चलाती रही। इंस्टीट्यूट की परीक्षाओं में प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। सदस्यों और विद्यार्थियों के लिए रोजगार सेवा योजना के अंतर्गत, जब कभी आवश्यकता हुई, सदस्यों और विद्यार्थियों के नामों की एक सूची बहुत सी कंपनियों को भेजी गई। पुस्तकालय को और बेहतर बनाया गया।

मासिक समाचार बुलेटिन नियमित रूप से प्रकाशित किया गया। पूर्वी क्षेत्र की पांच शाखाओं में से रांची शाखा पुनः 1986-87 वर्ष के लिए सर्वश्रेष्ठ शाखा चुनी गई। भुवनेश्वर शाखा ने अन्य गतिविधियों के अलावा कंपनी विधि पर एक प्रश्नोत्तर कार्यक्रम आयोजित किया।

उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद

क्षेत्रीय परिषद ने वर्ष के दौरान अनेक गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसने व्यावसायिक रुचि के विषय पर 10 वार्ताएं रखी गईं, दो अभिनन्दन समारोह किए गए, सदस्यों के लाभ के लिए कंपनी (संशोधन) 1987 पर संगोष्ठी और 8 अध्ययन सर्किल बैठकें आयोजित कीं। इसके अलावा सदस्यों और विद्यार्थियों के लिए आपसी मेल-जोल बैठक का आयोजन किया। दो सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम, दो कैरियर मार्गदर्शन लेक्चर-व-प्रदर्शनियां, एक कम्पनी विधि प्रश्नोत्तर कार्यक्रम, एक सामान्य वाणिज्यक ज्ञान परीक्षा, वित्त बिल पर एक वार्ता और विद्यार्थियों की एक पिकनिक प्रमुख गतिविधियां हैं, जो क्षेत्रीय परिषद ने आयोजित कीं। बेहतर वातावरण और पुस्तकालय सुविधाओं की व्यवस्था की गई तथा नए और पुराने पाठ्य विवरण के अधीन मौखिक शिक्षण कक्षाओं में भारी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। संभावित नियोजकों ने सदस्यों और विद्यार्थियों के नाम भेजने के लिए तैयार की गई रोजगार सेवा योजना का उपयोग किया।

इन गतिविधियों के अलावा, क्षेत्रीय परिषद ने पहले जिस कंपनी सेक्रेटरीज कोआपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी का प्रवर्तन किया था, उसकी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई और दिल्ली विकास प्राधिकरण से उपयुक्त जमीन प्राप्त करने के लिए सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार सदस्यों की अंतिम सूची भेज दी। वर्ष के दौरान मासिक समाचार पत्र वर्ष के दौरान मासिक समाचार पत्र नियमित रूप से प्रकाशित हुआ। क्षेत्रीय परिषद के क्षेत्राधिकार में आने वाली शाखाएं अपनी कुछ गतिविधियों की रिपोर्ट भेजती रहीं। इस क्षेत्र में स्थित नौ शाखाओं में से उत्तरी क्षेत्र में कानपुर शाखा पुनः 1986-87 वर्ष के लिए सर्वश्रेष्ठ शाखा चुनी गई।

दक्षिणी भारत क्षेत्रीय परिषद

क्षेत्रीय परिषद और इसकी घटक शाखाओं ने इस वर्ष अनेक गतिविधियों का आयोजन किया। क्षेत्रीय परिषद ने स्वयं व्यावसायिक रुचि के विषयों पर तीस कार्यक्रम रखे। इसके अलावा 4 जुलाई 1987 को मद्रास वाणिज्य तथा उद्योग चैम्बर के सहयोग से "नाकारा (बिक) औद्योगिक कंपनी (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1985" पर एक क्षेत्रीय सम्मेलन और एक सेमिनार का आयोजन भी किया। "आगामी दशक में निगम रूपरेखा" विषय पर कोयम्बटूर में 21—23 अगस्त, 1987 को क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन श्री जी के सुन्दरम, अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक, लक्ष्मी मिल्स लि., कोयम्बटूर ने किया तथा 13 फरवरी, 1988 को "निदेशकों के उत्तरदायित्व" विषय पर आयोजित संगोष्ठी का उद्घाटन श्री अशोक चन्द्र, अपर सचिव, कंपनी कार्य विभाग नई दिल्ली ने किया। डी. जी. वैष्णव कालेज, अरुम्बक्कम मद्रास में 20—21 नवंबर 1987 को आयोजित "कैरियर परामर्श प्रदर्शनी" में बड़ी संख्या में कालेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों के लिए सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा मौखिक शिक्षण कक्षाएं भी चलाई गईं। दिसंबर 1987 में मार्डन कम्प्यूटर एड्स के सहयोग से 7 दिन का दूसरा कम्प्यूटर मूल्यांकन पाठ्यक्रम चलाया गया। लेक्चर बैठकों में जो विषय शामिल रहे हैं वे हैं—संघ का बजट तथा शून्य आधारित बजट व्यवस्था विधि, नया समय प्रबंध, औद्योगिक संबंध औद्योगिकविकास, जिसमें गैर निवासी और सार्वजनिक क्षेत्र के हित शामिल हैं, कंपनी (संशोधन) अधिनियम 1988, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, उपभोक्ता संरक्षण निदेशकों के उत्तरदायित्व, बोर्ड कक्ष संस्कृति, क्रेडिट रेटिंग सार्वजनिक निगम, पेटेंट्स और डिजाइन, प्रबंधकीय नियुक्तियां और पारिश्रमिक इत्यादि इस वर्ष के दौरान पुस्तकालय में 230 पुस्तकों की खरीदारी हुई, जिनमें श्री सुन्दरम ने 118 पुस्तकें भेंट स्वरूप दीं तथा इंस्टीट्यूट के विगत श्री अध्यक्ष ने 1001 रुपए और इंस्टीट्यूट की एक महिला सदस्य श्रीमती मालिनी सेशाद्री ने 300 रुपए पुस्तकें खरीदने के लिए भेंटस्वरूप दिए। गए वर्ष में मासिक समाचारपत्र नियमित रूप से प्रकाशित हुआ। रोजगार सेवा योजना के अन्तर्गत नियोजकों ने 40 मांग पत्र भेजे क्षेत्र की दस शाखाओं में से 8 शाखाओं ने अपनी गतिविधियों की रिपोर्ट भेजी और दक्षिणी क्षेत्र में 1986-87 वर्ष के लिए बंगलौर शाखा पुनः सर्वश्रेष्ठ शाखा चुनी गई।

पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद

क्षेत्रीय परिषद और इसके क्षेत्र विस्तार में आने वाली शाखाओं ने इस वर्ष अनेक कार्यक्रम रखे। क्षेत्रीय परिषद में इसके क्षेत्राधिकार में सदस्यों तथा प्रैक्टिस का प्रमाणपत्र रखने वाले सदस्यों की सर्वाधिक संख्या बनी रही। इस वर्ष 13 लेक्चर बैठकें, 16 समूह-चर्चाएं अध्ययन सर्किल बैठकें, 3 अर्ध दिवसीय और 2 पूर्ण दिवसीय कार्यशालाएं एक सेमिनार और एक क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया संसद में पेश "कंपनी संशोधन बिल 1987" पर 12 सितम्बर 1987 को सेमिनार रखा गया। "अर्वाचीन विज्ञान—अवधारणा और सीमाएं" विषय पर 19 दिसम्बर 1987 को रखे गए क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन बंबई उच्च न्यायालय के माननीय जस्टिस आर. एल अग्रवाल ने किया। "प्रत्यक्ष कर (संशोधन) बिल" कंपनी विधि और व्यापार चिन्ह विधि पर कार्यशालाएं आयोजित की गईं। अध्यक्ष और कंपनी विधि बोर्ड के आगन्तु तथा निर्गमी कंपनी निदेशकों के सम्मान में अभिनन्दन बैठकें रखी गईं। 15 फरवरी 1988 को पश्चिमी क्षेत्र के प्रेक्टिसरत कंपनी सचिवों की एक बैठक आयोजित की गई। क्षेत्रीय परिषद की अन्य गतिविधियों के अन्तर्गत सिडनहम कालेज आफ

